तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
कोरबा भूमि

बिलासपुर, शनिवार 19 जुलाई 2025

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4 बिजली दर में बढ़ोतरी, कांग्रेस ने निकाली न्याय यात्रा रैली



## खबर संक्षेप

### महिला को दंतेल हाथी ने उतारा मौत के घाट



**कोरबा।** ग्राम तौलीपाली के जंगल में दंतेल हाथी ने एक मानसिक रूप से विक्षिप्त महिला को पटक पटक कर मौत के घाट उतार दिया है। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची।महिला की मौत से ग्रामीणों में दहशत व्याप्त है। कोरबा वन मंडल के कुदमुरा रेंज के नीचे तोलीपाली जंगल में शुक्रवार को एक हाथी अचानक जंगल की ओर से निकली और एक महिला को हाथी को पटक-पटक कर मौत के घाट उतार दिया। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल व्याप्त है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, तोलीपाली क्षेत्र में एक दंतेल सहित हाथियों का झुंड घूम रहा था। शुक्रवार की सुबह जब महिला जंगल की ओर गई, तब उसका आमना-सामना हाथी हो गया। महिला को हाथी ने सूंड से कई बार जमीन पर पटका जिससे महिला की माँ की मृत्यु हो गई।

### अग्निवीर भर्ती के लिए आवेदन 31 तक

**कोरबा।** भारतीय वायुसेना में भर्ती हेतु कार्यालय भोपाल द्वारा छत्तीसगढ़ के अविवाहित पुरूष एवं महिला आवेदकों से अग्निवीर वायु वर्ष 2026 हेतु ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। भारतीय वायुसेना में अग्निवीर भर्ती के लिए ऑनलाईन आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है जो 31 जुलाई रात्रि 11 बजे तक खुली रहेगी। इसके लिए ऑनलाईन फार्म एवं विस्तृत जानकारी भारतीय वायुसेना के वेबसाईट पर उपलब्ध है। ऐसे आवेदक जिनका जन्म 2 जुलाई 2005 एवं 2 जनवरी 2009 के बीच हुआ है और जो समकक्ष परीक्षा विज्ञान समूह जैसे - गणित भौतिकी एवं अंग्रेजी में किसी मान्यता प्राप्त केन्द्रीय राज्य या केन्द्र शासित राज्य बोर्ड से न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ जिसमें अंग्रेजी विषय में 50 प्रतिशत अंक हो। 2 वर्षीय डिप्लोमा कोर्स इंजीनियरिंग जैसे इलेक्ट्रिकल/ इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाईल, कम्प्यूटर साइंस, इस्ट्रूमेंटेशन टेक्नोलॉजी, इंफोरमेशन टेक्नोलॉजी इत्यादि। मान्यता प्राप्त बोर्ड अथवा राज्य, केन्द्र शासित राज्य से 50 प्रतिशत अंकों के साथ तथा जिसमें इंटरमिडिएट /मैट्रिकुलेशन में अंग्रेजी विषय में 50 प्रतिशत अंक हो/ 2 वर्षीय व्यावसायिक कोर्स हो तथा जो छत्तीसगढ़ का निवासी है। ऑनलाईन पंजीयन कर सकते हैं।

### नवोदय के छात्रों ने रंगोली से प्रस्तुत किए विचार

**कोरबा।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय सलोरा में विज्ञान क्लब के छात्रों ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति से विकसित होता भारत विषय पर अपने विचार रंगोली के माध्यम से प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में छात्रों ने अपनी रचनात्मकता और वैज्ञानिक दृष्टिकोण का प्रदर्शन रंगोली के माध्यम से किया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए, छात्रों ने विकसित भारत के विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार व्यक्त किए। रंगोली के माध्यम से उन्होंने शिक्षा, विज्ञान, प्रौद्योगिकी और समाज के विकास के महत्व को उजागर किया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में रचनात्मकता, वैज्ञानिक सोच और राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। विद्यालय में विज्ञान क्लब प्रभारी संतोष कुमार चौरसिया और इंदु वर्मा ने छात्रों की इस पहल की सराहना की और उन्हें भविष्य में भी इसी तरह के कार्यक्रम आयोजित करने के लिए प्रोत्साहित किया। विद्यालय का विज्ञान क्लब छात्रों को विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है और उन्हें समाज के विकास में योगदान देने के लिए तैयार करता है।

# विधानसभा में मुद्दा उठने के बाद लक्ष्मी का चयन कर दुर्गा को किया बाहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

पिछले दो माह से जिले में रेडी टू ईट कार्यक्रम के संचालन हेतु महिला समूह के चयन को लेकर चल रही प्रक्रिया में गड़बड़ी का मुद्दा विधानसभा सत्र में उठने के बाद विभाग ने पूर्व में चयनित दुर्गा स्वसहायता समूह को चयन सूची से बाहर कर लक्ष्मी महिला स्व सहायता समूह का चयन कर लिया और गड़बड़ी छिपाने टंकण त्रुटी बता दी गई। मुद्दा नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने विधानसभा में उठाया था। जिसमें उन्होंने कोरबा के महिला बाल विकास विभाग के अधिकारियों पर गड़बड़ी का आरोप लगाया था।

महिला बाल विकास विभाग के द्वारा रेडी टू ईट का संचालन हेतु महिला स्व सहायता समूह से अप्रैल माह में आवेदन आमंत्रित करने की प्रक्रिया शुरु की गई थी। जिसमें 22 मई तक दावा आपत्ति मांगे गए थे। उक्त पूरी प्रक्रिया में विभाग को 67 महिला स्व सहायता समूह के आयोजन मिले थे जिनके चयन के दौरान राज्य शासन से मिले दिशा निर्देश के तहत पंजीकृत स्व सहायता समूह के आर्थिक आधार समूह पंजीयन की अवधी जैसे नियम शर्तों को आधार मानते हुए चयन प्रक्रिया पूरी करते हुए चयन सूची जारी कर दी। जिसमें 67 में से 10 महिला स्वसहायता समूह का चयन किया गया जो विभाग के सभी 10 परियोजनाओं में रेडी टू ईट कार्यक्रम का संचालन करेंगी। विभाग के द्वारा जारी चयन सूची में पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड के पसान परियोजना अंतर्गत महिला स्व सहायता समूह ने अपना आवेदन दिया था जिसमें नियम शर्तों के मुताबिक लक्ष्मी महिला स्व सहायता समूह का चयन किया जाना था किंतु मंत्री ने इसे टंकण त्रुटी बता दिया। इधर विभाग ने विधानसभा में मुद्दा उठने के बाद महिला स्व सहायता समूह के चयन में सुधार की प्रक्रिया जारी करते हुए पसान परियोजना अंतर्गत पूर्व में चयनित दुर्गा स्व सहायता समूह जो टंकण की गलती से नाम आ गया था। उक्त समूह को चयन सूची से बाहर कर वेटिंग में डालते हुए उसकी जगह लक्ष्मी महिला स्व सहायता समूह का चयन कर लिया। इस संबंध में विभागीय अधिकारियों का कहना है कि दावा आपत्ति दोनों समूह के द्वारा दिया गया था जिसमें लक्ष्मी महिला स्व सहायता के खाते में अधिक राशि थी नियम शर्तों के मुताबिक जिन समूहों के खातों में अधिक राशि रहती है इस लिए लक्ष्मी स्व सहायता समूह को चयन किया गया है।

## मामला रेडी टू ईट कार्यक्रम में महिला समूह के चयन का

**खास बातें**

- नेता प्रतिपक्ष महंत ने कोरबा में हुई गड़बड़ी का उठाया था मुद्दा
- पसान परियोजना के चयन में गड़बड़ी




**गलत हो गया था टाईप**

पसान परियोजना अंतर्गत समूह के चयन के दौरान सूची में गलत नाम टाईप हो गया था जिसे बाद में सुधार कर सूची जारी की गई और मापदंड के तहत चयनित समूह का नाम लिखा गया।

**रेणु प्रकाश**
डीपीओ महिला बाल विकास विभाग

**दोषी अधिकारियों पर कार्यवाही की मांग**

विधानसभा सत्र के दौरान नेता प्रतिपक्ष ने रेडी टू ईट के चयन में गड़बड़ी का मुद्दा उठाते हुए दोषी अधिकारियों पर कार्यवाही के लिए अड़े रहे उनका कहना था कि स्व सहायता समूह के चयन में सीईओ जिला पंचायत की अध्यक्षता में कमेटी गठन किया गया है। समितियों द्वारा चयनित नामों को ही शामिल किया गय है। महंत ने अपने आरोप में आवेदन नहीं देने वाले समूह का चयन करने का नाम लिया है। उन्होंने समूह के चयन के दौरान नियम व शर्तों से हटकर नंबर का खेल खेलने की भी बात कही है।

विभाग ने दुर्गा महिला स्व सहायत समूह का चयन कर लिया। जैसे ही मामला सामने आया लक्ष्मी महिला स्व सहायता के द्वारा मोर्चा खोल दिया वहीं विधानसभा सत्र के दौरान नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत ने कोरबा जिले में मुद्दा समूह के चयन पर बड़ी संख्या में हुई गड़बड़ियों का मुद्दा उठाते हुए विभागीय मंत्री से कार्यवाही की मांग की। इस जवाब पर

## एसईसीएल कुसमुंडा खदान से प्रभावित भूविस्थापितों का मामला

# नौकरी की मांग को लेकर भूविस्थापित महिलाओं ने किया अर्धनग्न प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल कुसमुंडा खदान से प्रभावित भूविस्थापित महिलाओं ने नौकरी की मांग को लेकर मोर्चा खोल दिया। आक्रोशित महिलाएं कुसमुंडा जीएम कार्यालय में अर्धनग्न प्रदर्शन करने लगे।

**खास बातें**

- धरना प्रदर्शन से कुसमुंडा जीएम कार्यालय में मचा हड़कंप



धरना प्रदर्शन करती भूविस्थापित महिलाएं।

महिलाओं ने अधिकारियों को चूड़ियां भी भेंट की।

प्रबंधन के अधिकारियों की समझाइश के बाद भी महिलाएं अपनी मांगों को लेकर अड़े रहे, जिसकी वजह से घंटों तक कार्यालय में माहौल गरमाया रहा। एसईसीएल की कुसमुंडा मुख्य महाप्रबंधक कार्यालय के गेट पर सुबह से ही महिलाएं एकत्र हो गईं थीं। इसके बाद आक्रोशित महिलाएं कार्यालय के भीतर दाखिल हुईं और अपनी मांगों को लेकर महिलाओं ने अर्धनग्न प्रदर्शन शुरु कर दिया। जिसकी वजह से प्रबंधन की मुश्किलें बढ़ गई। महिलाओं के उग्र प्रदर्शन को देखते हुए प्रबंधन के आला अधिकारी व सुरक्षा अधिकारियों ने उन्हें समझाइश का प्रयास किया, पर वह अपनी मांगों को लेकर अड़े रहे। प्रदर्शनकारी महिलाओं का आरोप है कि उनकी जमीन पहले एसईसीएल ने अधिग्रहित की, लेकिन अब तक उन्हें रोजगार नहीं दिया गया है। भूविस्थापितों का रोजगार प्रकरण काफी लंबे अरसे से रुका हुआ हैं। जिसकी वजह से उन्हें आवेदन करते कई वर्ष गुजर गए पर भूविस्थापितों को रोजगार नहीं मिल सका है। भूविस्थापित महिलाओं ने आरोप लगाया है कि नौकरी की मांग को लेकर खदान में खदानबंदी आंदोलन भी किया गया, बावजूद इसके अब तक उनकी मांगों को लेकर कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाया गया है। जमीन अधिग्रहण के बाद नौकरी नहीं मिलने से उनके सामने अर्थिक तंगी की स्थिति निर्मित हो गई है। रोजगार के अभाव में उन्हें रोजी रोटी की समस्या से जूझना पड़ रहा है। यही वजह है कि समय समय पर उन्हें अपनी मांगों को लेकर आंदोलन का रास्ता अख्तियार करना पड़ता है। वहीं प्रबंधन की वजह से आंदोलन के दौरान उन्हें पूर्व में भूविस्थापितों को जेल भी जाना पड़ा था। भूविस्थापित महिलाओं ने फर्जी तरीके से नौकरी करने का आरोप भी लगाया है। पात्र हितग्राही जगह दूसरे को नौकरी दे दी गई है। हमारी मांग है कि भूविस्थापित के स्थान पर फर्जी तरीके से लगे हुए व्यक्तियों को हटाया जाय। साथ ही असली वारिस को नौकरी दिया जाए। जब तक हमारी मांगे पूरी नहीं होती तब तक आंदोलन जारी रखा जाएगा। घंटों तक महिलाओं का प्रदर्शन जारी रहा जिसकी वजह से कार्यालयीन कार्य भी प्रभावित रहा।

# कटघोरा बायपास मार्ग बारिश से जर्जर, दुर्घटनाओं को दे रहा आमंत्रण



कटघोरा बायपास मार्ग।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

नगर के लिए एक समय में राहत का मार्ग समझा जाने वाला रामपुर से ढेलवाडीह होते हुए सुतर्रा तक बना बायपास अब खतरे की घंटी बन गया है। बारिश शुरू होते ही

**खास बातें**

- लोक निर्माण विभाग बना मौन

यह बायपास मार्ग अपनी बदहाल स्थिति के कारण लोगों की जान जोखिम में डाल रहा है। सड़क की परतें उखड़ चुकी हैं और जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं, जो दिन प्रतिदिन गहराते जा रहे हैं।

बायपास मार्ग न केवल कटघोरा बल्कि बिलासपुर, अम्बिकापुर और कोरबा जैसे प्रमुख शहरों को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग है। इस सड़क से प्रतिदिन सैकड़ों भारी वाहन, जिनमें कोयला परिवहन करने वाले ट्रेलर, हाइवा और राखड़ ढोने वाले ट्रक शामिल हैं, गुजरते हैं। भारी वाहनों के अत्यधिक दबाव और बारिश की मार के चलते सड़क की स्थिति बेहद जर्जर हो चुकी है। लोक निर्माण विभाग द्वारा इस बायपास मार्ग का निर्माण तो करवाया गया, लेकिन उसके बाद इसके रखरखाव की कोई व्यवस्था नहीं की गई। नतीजा यह हुआ कि समय के साथ सड़क की स्थिति बद से बदतर होती चली गई। सड़क पर उभर आए गड्ढे न केवल यातायात को बाधित कर रहे हैं, बल्कि यह कभी भी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मार्ग से गुजरते समय दोपहिया वाहन चालकों और राहगीरों को सबसे अधिक परेशानी होती है। वाहन गड्ढों में फंसते हैं, फिसलते हैं और कई बार दुर्घटनाएं भी हो चुकी हैं। इसके बावजूद लोक निर्माण विभाग की ओर से इस दिशा में अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। यदि समय रहते इस सड़क की मरम्मत और पुनर्निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया, तो यह बायपास पूरी तरह से टूटकर जानलेवा मार्ग में तब्दील हो जाएगा। लोगों में रोष है कि विभागीय लापरवाही के चलते आए दिन खतरा बढ़ रहा है और इस पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा। स्थानीय प्रशासन और लोक निर्माण विभाग से निवेदन है कि इस मार्ग की गंभीर स्थिति को समझते हुए शीघ्र आवश्यक कार्यवाही करें, ताकि लोगों की जान और माल की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

# नशे में धुत बेटे ने डंडे व ईंट से पीट कर पिता को उतारा मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दीपका कॉलेज के पीछे टिक्कू ढाबा के समीप नशे में धुत बेटे ने अपने ही पिता की डंडे और ईंट से पीट-पीटकर हत्या कर दी। आरोपी नशे की हालत में घर लौटा और पिता से विवाद करने लगा। बात बढ़ी तो उसने डंडे और ईंट से हमला कर दिया, जिससे मौके पर ही पिता की मौत हो गई।

दीपका थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम झाबर सिरकी मोड़ निवासी परसराम रोहिदास उम्र लगभग 60 वर्ष का शव घर के बाहर पड़ा हुआ था। सूचना मिलने पर सीन ऑफ क्राईम मोबाइल यूनिट कोरबा से वैज्ञानिक अधिकारी डॉ सत्यजीत सिंह कोसरीया, वैज्ञानिक अधिकारी डॉ राजश्री सिंह, प्रधान आरक्षक हेमंत चौहान, आरक्षक राजेश कुमार चंद्रा घटनास्थल पहुंचे। घटनास्थल एवं शव का बारीकी से निरीक्षण किए प्रथम दृष्टीया ईंट एवं बांस के डंडे से मारने से आंतरिक चोंट पहुंचने से मृत्यु होना प्रतीत होता है। घटनास्थल से आवश्यक साक्ष्य एवं प्रदर्श संकलित कर एफएसएल परीक्षण हेतु भेजा गया है। घटना के दिन भी आरोपी शंकर रोहिदास उम्र 27 वर्ष नशे में था और अपने पिता परशराम से विवाद करने लगा। दोनों बाहर चले गए, जहां विवाद बढ़ गया। कुछ देर बाद परशराम को



अंडरवियर में पड़ा देखा गया। जब तक लोग पहुंचे, उनकी मौत हो चुकी थी। थाना प्रभारी प्रेमचंद साहू ने बताया कि शुरुआती जांच में यह साफ हुआ है कि मौत ईंट और डंडे से हमला करने की वजह से हुई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है और फरार आरोपी की तलाश जारी है।

# अटल परिसर के दीवार में गीले प्लास्टर पर ही लगाई जा रही पुट्टी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सीएसईबी चौक से लगे अप्पू गार्डन के समीप अटल परिसर के लिए 50 लाख रूपये की स्वीकृति हुई। कार्य के लिए पर्याप्त स्वीकृत राशि के बाद भी काम में गुणवत्ता की कमी को लेकर स्थानीय लोगों में नाराजगी देखी जा रही है।

परिसर निर्माण के लिए स्वीकृत कार्यों में दीवार में प्लास्टर के साथ पुट्टी का कार्य कराया जाना है। यह कार्य निर्माण के मानक मापदंड के अनुरूप नहीं हो रहा है। क्षेत्र के निवासी राजेश साहू व नवीन देवांगन आपत्ति जताते हुए बताया कि गुणवत्ताहीन कार्य की सूचना संबंधित इंजीनियर को दी जा चुकी है। इसके बाद भी कार्य में सुधार नहीं होना प्रशासनिक नियमों की अवहेलना को दर्शाता है। शिकायतकर्ताओं को यह भी कहना है कि निर्माण कार्य में निगरानी और गुणवत्ता पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा। विशेषज्ञों के अनुसार, गीली दीवारों पर पुट्टी लगाने से यह अधिक समय तक नहीं टिकता। कुछ ही समय में दीवार पर सीलन, पपड़ी और पुट्टी झड़ने जैसी समस्याएं शुरू होने की आशंका बनी हुई है। इससे न केवल सरकारी धन की बर्बादी होगी, बल्कि भविष्य में परिसर की मरम्मत पर फिर से पैसा खर्च करना पड़ेगा। शिकायतकर्ताओं में निगम के अधिकारियों से मांग की है कि कार्य की तकनीकी जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जाए।

# बिजली दर में बढ़ोतरी, कांग्रेस ने निकाली न्याय रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बिजली की दरो में बढ़ोतरी के विरोध में कांग्रेस ने मोर्चा खोल दिया है। जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा बिजली बढ़ोतरी के विरोध में न्याय यात्रा निकाली गई। इस दौरान कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने बिजली बढ़ोतरी को लेकर राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और सरकार से बिजली बिल बढ़ोतरी का आदेश वापस लेने की मांग की।

उल्लेखनीय है कि राज्य में बिजली उपभोक्ताओं को अगस्त से बढ़ा हुआ बिजली बिल भरना पड़ेगा। बिजली नियामक आयोग ने नया टैरिफ जारी किया है। जिसमें घरेलू उपभोक्ताओं को प्रति यूनिट 20 पैसे अधिक देने होंगे। इसी तरह कमर्शियल के लिए 25 पैसे प्रति यूनिट




न्याय यात्रा में शामिल कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता।

ज्यादा देना होगा। इस बढ़ोतरी को कांग्रेस ने जनता पर अत्याचार बताया है। वहीं विद्युत विभाग के अधिकारियों का तर्क है कि नुकसान की भरपाई के लिए यह कदम उठाया गया है। यही वजह है कि बिजली बढ़ोतरी को लेकर कांग्रेस द्वारा राज्य भर में विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। इसी कड़ी में जिले में भी जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा न्याय यात्रा का आयोजन किया गया था। कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ताओ ने शुक्रवार को बिजली दर में बढ़ोतरी के विरोध में बिजली न्याय यात्रा निकाली। कांग्रेस ग्रामीण जिला अध्यक्ष मनोज चौहान सहित लगभग 40 कार्यकर्ताओं विद्युत विभाग कार्यालय पाली पहुंचे जहां कांग्रेसियों ने जमकर नारेबाजी की।

### हरदीबाजार में भी प्रदर्शन

छत्तीसगढ़ राज्य के भाजपा सरकार के द्वारा बिजली दर में किए गए बढ़ोत्तरी के खिलाफ में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी हरदीबाजार के अध्यक्ष पुष्पेन्द्र शुक्ला के नेतृत्व एवं कटघोरा विधानसभा के पूर्व विधायक पुरुषोत्तम कंवर के अध्यक्षता में विद्युत विभाग के कनिष्ठ यंत्री कार्यालय हरदीबाजार का घेराव शुक्रवार की दोपहर किया गया। इस अवसर पर रामशरण कंवर, चंद्रहास राठौर, रमेश अहिर, प्रभासिंह तंवर, गोरेलाल यादव, श्रवण कश्यप, मनमोहन राठौर, मुकेश बर्मन, कांति मधुकर, शत्रुघ्न यादव, सुखसागर पटेल, प्रताप राठौर, विकास सिंह, एसके मरावी, शुभम शुक्ला, चित्रपाल श्रीवास, लक्ष्मी, विक्रम राठौर, हनुमान दास, शेखर भारद्वाज, छतराम सिदार, गया प्रसाद, दीपक राजपूत, विनोद राठौर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थिति थे।

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI KORBA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
सेकेण्ड फ्लोर, एस.एस. प्लाजा, पावर हाउस रोड, कोरबा (छ.ग.)
89595-93920 • 89595-44444

## खबर संक्षेप

### तुमान में मनाया गया गुरु पूर्णिमा पर्व

**मड़वारानी।** गुरु पूर्णिमा का आयोजन ग्राम तुमान में किया गया। इस अवसर पर जिला बौद्धिक प्रमुख ईश्वर श्रीवास, कार्यवाह प्रेम पटेल, खंड कार्यवाह मुख्य शिक्षक रूपेंद्र चौहान, फागु श्रीवास, विकास, कमलेश कंवर, कमलेश अंनत, अजय कंवर मंचस्थ थे। इस दौरान ईश्वर श्रीवास ने कहा कि अपने समाज में हजारों सालों से, व्यास भगवान से लेकर आज तक, श्रेष्ठ गुरु परम्परा चलती आयी है। व्यक्तिगत रीति से करोड़ों लोग अपने-अपने गुरु को चुनते हैं, श्रद्धा से, भक्ति से वंदना करते हैं, अनेक अच्छे संस्कारों को पाते हैं। इसी कारण अनेक आक्रमणों के बाद भी अपना समाज, देश, राष्ट्र आज भी जीवित है। इसलिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अपने गुरु स्थान पर भगवाध्वज को स्थापित किया है। भगवाध्वज त्याग, समर्पण का प्रतीक है। स्वयं जलते हुए सारे विश्व को प्रकाश देने वाले सूर्य के रंग का प्रतीक है। संपूर्ण जीवों के शाश्वत सुख के लिए समर्पण करने वाले साधु, संत भगवा वस्त्र ही पहनते हैं, इसलिए भगवा, केसरिया त्याग का प्रतीक है। अपने राष्ट्र जीवन के, मानव जीवन के इतिहास का साक्षी यह ध्वज है।

### कौशल तिहार का आयोजन लाईवलीहुड कॉलेज में 21 को

**कोरबा।** कौशल तिहार जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन 21 जुलाई को लाईवलीहुड कॉलेज में ईलेक्ट्रिकल इन्स्टालेशन, हेल्थ एवं सोशल केयर तथा फील्ड टेकनीशियन ईलेक्ट्रानिक्स कोर्स मे किया जाना है। मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना एवं प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के प्रशिक्षित हितग्राही जो वित्तीय वर्ष 2023-24, 2024-25 अथवा 2025-26 मे उक्त ट्रेड मे प्रशिक्षित हुये हैं अथवा प्रशिक्षणरत हैं तथा 22 वर्ष से 45 वर्ष की आयु समूह के हैं उक्त तिहार मे भाग ले सकते हैं। प्रत्येक ट्रेड से चयनित 2 विजेता राज्य स्तर की प्रतियोगिता मे भाग लेंगे। कौशल तिहार का आयोजन मुख्यतः कौशल प्रतियोगिता के माध्यम से कौशल प्रशिक्षित एवं प्रशिक्षणरत युवाओं को प्रोत्साहित करने एवं उनके कौशल के प्रदर्शन पर केन्द्रित है। कौशल उत्सव का उद्देश्य युवाओं में कौशल के प्रति जागरूकता लाना एवं विजेताओं को इंडिया स्किल्स के क्षेत्रीय एवं राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करना, जो संभवतः वर्ल्ड स्किल्स में देश का प्रतिनिधित्व करेंगे।

### नेचुरल थेरेपी चिकित्सा शिविर का आयोजन कल से

**कोरबा।** राजपूत क्षत्रिय समाज के द्वारा एक्युप्रेशर, सुजोक, वाइब्रेशन, नेचुरल थेरेपी चिकित्सा शिविर का आयोजन 20 से 25 जुलाई तक किया गया है। शिविर का आयोजन श्रीराम जानकी मंदिर महाराणा प्रताप चौक बुधवारी बाजार कोरबा में प्रातः 8 बजे से 12 बजे तक आयोजित किया जाएगा।

### प्राथमिक व माध्यमिक शाला में कराया गया न्योता भोजन

**कोरबा।** प्राथमिक व माध्यमिक शालाओं में शासन की महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना के तहत बच्चों को प्रतिदिन मध्याह्न भोजन कराया जाता है। इसी कड़ी में मां सिद्धिदात्री जन कल्याण समिति बांकीमोंगरा द्वारा प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला बांकी साइड के बच्चों को भोजन के साथ केला, लड्डू बांटा गया। समिति के अध्यक्ष मुन्नालाल साहू ने बताया की हमारी समिति प्रत्येक माह कम से कम एक शाला को न्योता भोज कराती है। न्योता भोज के अलावा पांचवी, आठवीं एवं दसवीं कक्षा में प्रथम द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को उपहार देकर सम्मानित किया गया और शाला परिसर में समिति द्वारा एक पेड़ मां के नाम पर पौधारोपण किया गया।

### कोल इंडिया के बोर्ड की बैठक 31 को

कोरबा। कोल इंडिया लिमिटेड अप्रैल-जून पहली तिमाही के लिए फाइनेंशियल इनकम घोषित करने के लिए तैयार है। एक्सचेंज फाइलिंग के जरिये कंपनी ने तिमाही नतीजों को जारी करने का शेड्युल शेयर कर दिया है। कोल इंडिया के बोर्ड की बैठक 31 जुलाई को होगी, जिसमें तिमाही नतीजों को अंतिम मंजूरी दी जाएगी। वित्तीय वर्ष 2024 के लिए अंतिम डिविडेंड का ऐलान भी हो सकता है।

---

### कलेक्टर की अध्यक्षता में समय सीमा की बैठक

# नकदी रहित उपचार योजना से सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति का कराएं इलाज: कलेक्टर


बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते कलेक्टर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर ने समय-सीमा बैठक में विभागवार कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को विभागीय योजनाओं का जमीनी स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन करने एवं आमजनों को प्राथमिकता से लाभांवित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने जिले में लगातार हुए बारिश के मद्देनजर जान माल के हुए नुकसान का समय पर आकलन कर पीड़ितों को क्षतिपूर्ति प्रदान करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी लाइन डिपार्टमेंट के अधिकारियों को मुस्तैद रहने व सतर्कता से कार्य करने कहा। उन्होंने शिक्षा विभाग में मानदेय के आधार पर आवश्यकता वाले विद्यालयों में अतिथि शिक्षक व भृत्य की नियुक्ति हेतु की जा रही कार्यवाही का जानकारी लेते हुए पूर्ण पारदर्शिता के साथ प्रकिया पूरा करने की बात कही। साथ ही रिक्त पदों वाले विद्यालयों की सूची भी जिले के वेबसाइट में अपलोड कराने के निर्देश दिए। उन्होंने स्कूलों में गैस सिलेंडर एवं रसोइया के मानदेय का भुगतान भी जल्द से जल्द पूरा करने हेतु निर्देशित किया। कलेक्टर ने जिले में आदिम जाति विकास विभाग अंतर्गत विभिन्न विकासखंडों में निर्मित्त किए जा रहे हॉस्टल के अपूर्ण शेष कार्यो को शीघ्रता से पूर्ण करने के लिए कहा। जिससे हॉस्टल में रहकर विद्यार्थी अपना अध्ययन कर सकें। सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के मरीज वार्ड में एसी लगाने के कार्य भी शीघ्रता से पूरा करने के निर्देश दिए साथ ही शहरी एवं ग्रामीण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में कार्यरत स्वास्थ्य कर्मचारियों हेतु आवास निर्माण एवं आवश्यक स्वास्थ्य केंद्रों में पोस्टमॉर्टम कक्ष निर्माण हेतु भी प्रस्ताव उपलब्ध कराने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने सड़क दुर्घटना में होने वाले जनहानि के प्रकरण का भी यथाशीघ्र निराकरण कर परिजनों को राहत राशि दिलाने की बात कही। उन्होंने बताया कि नगदी रहित उपचार योजना के तहत सड़क दुर्घटना में चोटिल होने वाले लोगों का अस्पताल में इलाज की सुविधा है। इस हेतु योजना का व्यापक प्रचार प्रसार करने एवं इस सम्बंध में लोगों के मध्य जागरूकता लाने का प्रयास करने के किये कहा।

#### लंबित प्रकरणों को समय पर पूरा करने दिए निर्देश

कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर तहसीलवार राजस्व प्रकरणों के निराकरण की अद्यतन स्थिति की विस्तृत समीक्षा करते हुए लंबित सभी राजस्व प्रकरणों के निराकरण में प्रगति लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी तहसीलदारों को इस कार्य में गम्भीरता से प्रगति लाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने एक एक कर सभी तहसीलों के अविवादित/विवादित नामांतरण, खाता विभाजन, सीमांकन, नक्शा बटांकन, अभिलेख शुद्धता, ई-कोर्ट प्रकरण, मसाहती गांवों का सर्वे सहित सभी राजस्व प्रकरणों की समीक्षा की। अविवादित नामांतरण के आवेदनों की समीक्षा करते हुए उन्होंने लंबित प्रकरणों के निराकरण में सभी तहसीलदारों को विशेष प्रयास करने एवं गम्भीरता से प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने ई कोर्ट में दर्ज तीन वर्ष या उससे अधिक समय से लंबित भू अर्जन सहित अन्य राजस्व प्रकरणों को शीघ्रता से निराकृत करने की बात कही। साथ ही नक्शा बटांकन कार्य में भी तत्परता से कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए प्रगति लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कोटवारी भूमि को शासन के रिकार्ड में दर्ज करने हेतु पुनर्विलोकन की कार्यवाही भी जल्द से जल्द पूर्ण करने निर्देशित किया। उन्होंने सभी विकासखण्डों में मसाहती ग्राम के सर्वे व नक्शा प्रकाशन की वर्तमान स्थिति के संबंध में जानकारी लेते हुए नक्शा प्रकाशन के कार्य मे तेजी लाने के लिए कहा। कलेक्टर श्री वसंत ने राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक में भूअर्जन, व्यपवर्तन, त्रुटि सुधार, वृक्ष कटाई, डिजीटल सिग्नेचर, किसान किताब, आधार सिडिंग, स्वामित्व योजना, वन अधिकार पट्टा वितरण सहित अन्य बिंदुओं पर चर्चा कर सभी प्रकरणों के निराकरण हेतु राजस्व अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

---

# कोरबा के गिग वर्कर्स के लिए सामाजिक सुरक्षा की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

डिजिटल अर्थव्यवस्था के बढ़ते दायरे के बीच जिले में हजारों की संख्या में काम कर रहे गिग वर्कर्स की सामाजिक सुरक्षा और कल्याण सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन से महत्वपूर्ण पहल की मांग की गई है। सांसद प्रतिनिधि पंकज कुमार सोनी ने कलेक्टर और सहायक श्रम आयुक्त को ज्ञापन सौंपा है।

ज्ञापन में गिग वर्कर्स की मुख्य समस्याओं को उजागर करते हुए उनके समाधान के लिए कई सुझाव दिए गए हैं। साथ ही उल्लेख किया गया है कि जिले में फ्लिपकार्ट, अमेजॉन, स्वीगी, जोमैटो, अर्बन कंपनी जैसे विभिन्न प्लेटफॉर्म्स के लिए ई कॉमर्स डिलीवरी पार्टनर, फूड डिलीवरी पार्टनर और घरेलू सेवाएं देने वाले हजारों युवक-युवतियां सक्रिय हैं। ये सभी अपनी आजीविका के लिए इन प्लेटफॉर्म्स पर निर्भर हैं, लेकिन उन्हें स्थायी रोजगार से जुड़ी सामाजिक सुरक्षा योजनाओं जैसे ईएसआई, पीएफ और दुर्घटना बीमा का लाभ नहीं मिल पाता। जिसकी वजह से उनमें स्थायी सामाजिक सुरक्षा का अभाव है। ईश्रम पंजीकरण की जानकारी और मदद नहीं मिल पा रही है। ऐसे कर्मियों के न्यूनतम वेतन या आय की कोई गारंटी नहीं है। प्लेटफॉर्म कंपनियों में अकाउंट ब्लॉकिंग और पारदर्शिता की कमी है। स्वास्थ्य सेवा, बीमा और पेंशन योजनाओं से वंचित रहना पड़ रहा है। इसलिए सभी गिग वर्कर्स के लिए एकीकृत पंजीकरण शिविर चलाए जाएं, जो ईश्रम पोर्टल से जुड़े हों। जिले में गिग वर्कर्स जिला कल्याण समिति का गठन हो, जिसमें प्रशासन, श्रम विभाग, गिग वर्कर प्रतिनिधि और स्थानीय एनजीओ शामिल हों। प्लेटफॉर्म कंपनियों को जिले स्तर पर पंजीकरण और जिम्मेदार व्यवहार संहिता अपनाने के निर्देश दिए जाएं।

---

# वेदांता की क्रेडिट रेटिंग्स की क्रिसाइल और आईसीआरए ने की पुष्टि

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



देश की अग्रणी क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों, क्रिसाइल रेटिंग्स और आईसीआरए ने कंपनी की क्रेडिंग रेटिंग्स की पुष्टि की है, जो वेदांता के कारोबार की स्थिरता, अच्छे फाइनैंशियल परफोर्मेन्स तथा कॉर्पोरेट प्रशासन के अनुपालन को दर्शाता है। क्रिसाइल रिपोर्ट में कहा गया है कि मैनेजमेन्ट एवं चुनिंदा ऋणदाताओं से मिली प्रतिक्रया के आधार पर रेटिंग एजेंसी समझती है कि वर्तमान में किसी भी ऋणदाता या निवेशक से विपरीत प्रतिक्रिया नहीं मिली है। रेटिंग एजेंसी ने हिंदुस्तान ज़िंक लिमिटेड के लिए क्रिसाइल एएए और वेदांता के लिए क्रिसाइल एए की दीर्घकालिक रेटिंग्स की पुष्टि की है।

आईसीआरए ने वेदांता लिमिटेड के लिए दीर्घकालिक एए रेटिंग की पुष्टि की है। एजेन्सियों का यह दावा शॉर्ट सेलर वाइसरॉय के आरोपों का खंडन है, जिसने वेदांता लिमिटेड की मूल कंपनी वेदांता रिसोर्सेज़ पर संरचनात्मक अधीनता एवं ऋण चुकाने के लिए लाभांश पर निर्भरता का आरोप लगाया था। क्रिसाइल की रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि वेदांता लिमिटेड और हिंदुस्तान ज़िंक लिमिटेड दोनों के शेयर मूल्यों में रिपोर्ट के प्रकाश के बाद सुधार आ चुका है। क्रिसाइल रेटिंग्स ने 9 जुलाई को वेदांता ग्रुप पर प्रकाशित शॉर्ट-सेलर रिपोर्ट और उसके बाद वेदांता लिमिटेड एवं हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड के शेयर मूल्यों में इंटराडे अस्थिरता पर ध्यान दिया है। इसकी प्रतिक्रिया में वेदांता लिमिटेड ने 9 जुलाई को एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से सभी आरोपों को खारिज किया। क्रिसाइल ने कहा कि रिपोर्ट के प्रकाशन के बाद वेदांता लिमिटेड और हिंदुस्तान ज़िंक लिमिटेड के शेयर मूल्यों में सुधार हुआ है। क्रिसाइल ने हिंदुस्तान ज़िंक, ईएसएल स्टील लिमिटेड, तलवंडी साबो पावर लिमिटेड और सेसा रिसोर्सेज़ लिमिटेड सहित वेदांता ग्रुप की 11 कंपनियों की रेटिंग बकाया रखी है तथा सभी के लिए रेटिंग की पुष्टि कर दी है। क्रिसाइल सभी बकाया रेटिंग्स पर लगातार नज़र बनाए हुए है। वेदांता और इसकी सब्सिडरियां को उनके भारतीय परिचालन के मजबूत प्रोफाइल एवं मजबूत वित्तीय प्रदर्शन का समर्थन मिल रहा है। इसी तरह आईसीआरए ने समूह की निरंतर ऋण कटौती की प्रतिबद्धता से राहत महसूस की है। वेदांता रिसोर्सेज लिमिटेड (वीआरएल) का ऋण सहित लेवरेज (शुद्ध ऋण ओपीबीडीआईटीए) वित्त वर्ष 2025 में बढ़कर 2.5 गुना हो गया, जो वित्त वर्ष 2024 में यह 3.2 गुना था। खासतौर पर एलुमिनियम और जिंक परिचालन में अच्छे मुनाफे के चलते से समूह के लेवरेज प्रोफ़ाइल को और अधिक समर्थन मिलने की उम्मीद है। इसके अलावा, आईसीआरए वेदांता लिमिटेड (वीडीएल) के समायोजित लेवरेज और कवरेज मेट्रिक्स की गणना करने के लिए वीआरएल के कुल ऋण और वित्तीय व्यय पर विचार कर रहा है। क्रेडिट रेटिंग पद्धति के अनुसार एएए रेटिंग का अर्थ है वित्तीय देयताओं के समय पर भुगतान के संदर्भ में सर्वोच्च सुरक्षा को सुनिश्चित करना। वेदांता रिसोर्सेज़ लिमिटेड के स्तर पर हाल ही में ऋण की रीफाइनैंसिंग ने लंबी अवधि के लिए मच्योरिटी प्रोफाइल को सुगम बनाया है और वित्तीय वर्ष 2026 में वित्तीय लागत में कमी आने की संभावना है।

---

# खदान से प्रभावित ग्राम रिसदी में शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


भूविस्थापितों से चर्चा करते एसडीएम।

रोजगार मुआवजा संबंधी समस्याओं के निराकरण को लेकर प्रशासन और प्रबंधन की पहल परएसईसीएल कुसमुण्डा क्षेत्र द्वारा अर्जित ग्राम रिसदी में रोहित सिंह, अनुविभागीय अधिकारी, कटघोरा के निर्देश पर जिला प्रशासन एव एसईसीएल प्रबंधन द्वारा अर्जित भूमि के एवज में मुआवजा एवं रोजगार की कार्यवाही में आ रही अडचनों का समाधान करने के लिए पंचायत कार्यालय, ग्राम रिसदी में एक संयुक्त कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में जिला प्रशासन से रोहित सिंह, अनुविभागीय अधिकारी, कटघोरा, अमित केरकेट्टा, तहसीलदार दीपका एसईसीएल प्रबंधन से सचिन तानाजी पाटिल, महाप्रबंधक कुसमुण्डा, एके रॉय, महाप्रबंधक संचालन, केएस चौहान, विभागाध्यक्ष (भू एवं राजस्व) एवं अन्य सहयोगी अधिकारी उपस्थित थे।

कार्यशाला सुबह 10 बजे से रात 9 बजे तक चली जिसमें रोहित सिंह, अनुविभागीय अधिकारी, कटघोरा द्वारा ग्राम रिसदी के खातेदारों की समस्याओं को सुना गया तथा विशेष रुची लेकर उनके आवदनों पर त्वरित कार्यवाही कर निदान किया गया, जिसके कारण प्रभावित ग्रामीण अत्यंत खुश थे तथा त्वरित कार्यवाही होते देख कर भारी तादाद में अपने-अपने आवेदन लेकर देर शाम तक स्थल पर उपस्थित रहे, ग्रामिणों की कार्यशाला में रुची को देखते हुए देरी की परवाह न करते हुए रोहित सिंह, अनुविभागीय अधिकारी, कटघोरा अंतिम आवेदन के निराकरण तक स्वयं स्थल पर मौजूद रहे। इस कार्यशाला में कुल 47 नामांकन पत्र का वितरण किया गया, 36 प्रकरणों के राजस्व दस्तावेजों में त्रुटि सुधार किया गया, 18 फौती नामांतरण के प्रकरण का निराकरण किया गया तथा 42 फौती नामांतरण के आवेदन लिए गए।

---

# सियान सदन मरम्मत के लिए भाजयुमो प्रदेश कोषाध्यक्ष को ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बांकीमोंगरा



नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा स्थित सियान सदन भवन काफी दिनों से जर्जर हो चुका है। जिसके जीर्णोद्धार के लिए मां सिद्धिदात्री जन कल्याण समिति के माध्यम से सिनियर सिटीजन क्लब के सदस्यों ने नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा अध्यक्ष पति व भाजयुमो छत्तीसगढ़ प्रदेश कोषाध्यक्ष विकास झा को ज्ञापन सौंपा है। विकास झा ने जल्द ही सर्व सुविधायुक्त भवन बनाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि बांकीमोंगरा में वृद्धजनों के लिए एक सर्वसुविधायुक्त भवन अति आवश्यक है। इसे शीघ्र ही पूरा किया जाएगा इसके अलावा आगामी एक अक्टूबर को अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाने के लिए समिति को प्रेरित किया गया। इस दौरान मुन्ना लाल साहू अध्यक्ष, अशोक कुमार पाण्डेय, हरिशंकर दिवाकर, देवनाथ पाल, कन्हैया लाल, रोहिणी कश्यप, श्याम लाल निषाद, मुन्ना पटेल, विजय तिवारी, अनिल कुमार दुबे, प्रेम लाल साहू, पार्षद प्रमोद सोना, अनुपम महंत के अलावा बड़ी संख्या में वृद्धजन उपस्थित थे। विकास झा ने कहा कि जो भी समस्या है उसे पूरा करने का प्रयास किया जाएगा।

---

### शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोरबी धतूरा में किया गया पौधरोपण

**कोरबा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोरबी धतूरा में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत स्वयंसेवकों का 11 जुलाई को उन्मुखीकरण का कार्यक्रम किया गया। गुलदस्ता द्वारा जिला संगठक वाय के तिवारी, एमडीसी के उपाध्यक्ष शिव राठौर का स्वागत किया गया। जिला संगठन द्वारा अपने उद्बबोधन में कहा गया कि राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से देश, समाज एवं व्यक्तित्व के विकास करना से है। उनके द्वारा निम्न पांच भारत सरकार के योजनाओं पर काम करने पर विशेष जोर दिया गया। सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान, नशा मुक्त भारत अभियान, पौधा रोपण व संरक्षण में अग्रणी भूमिका, साइबर जागरूकता, जल संरक्षण में सोखता निर्माण करने के लिए प्रेरित करना, गोद ग्राम बम्हनी कोना में महीने में एक कार्यक्रम करने पर प्रेरित किया गया। साथ ही युवा वनडे कार्यक्रम करना, तत्पश्चात एक पेड़ मां के नाम 2.0 के तहत पौधारोपण का कार्यक्रम किया गया।

---

## कोरबा मार्केट



गुप्त रोग
विशेषज्ञ से स्त्री-पुरूष मिले 100% गांरटी
आयुर्वेद ईलाज
नामर्दी, शीघ्रपतन स्वप्नदोष, धातु, पतला, पेशाब के साथ धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन,सिपलिस, गनौरिया, चर्मरोग इत्यादि सभी प्रकार के गुप्तरोग का ईलाज किया जाता है।
20 वर्षो से स्थाई
बिना ऑपरेशन गारंटी ईलाज अण्डकोष बवासीर, भगंदर
देशी, विदेशी लिंगवर्धक यत्र उपलब्ध है।
मां सर्वमंगला क्लीनिक
डॉ. आर.के. बंगाली, नया बस स्टैंड रोड पर बंगाली चाल ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा मो. 9074665998


---

# अग्रसेन गर्ल्स कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

विश्व सर्प दिवस के अवसर पर अग्रसेन कन्या महाविद्यालय में नोवा नेचर वेलफेयर सोसाइटी ने पीपीटी के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह दिवस हर साल लोगों में सांपों के संरक्षण, उनके महत्व और उनके बारे में व्याप्त भ्रांतियों को दूर करने के उद्देश्य से मनाया जाता है। सांप पारिस्थितिकी तंत्र में चूहे और अन्य जीवों की आबादी को नियंत्रित कर कृषि और प्राकृतिक संतुलन बनाए रखने में अहम भूमिका निभाते हैं। इस जागरूकता कार्यक्रम में महाविद्यालय के बीए, बीकॉम, बीएससी जूलॉजी और बीएड से 200 से अधिक छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं में सांपों को लेकर काफी उत्सुकता देखने को मिली, उन्होंने सांपों से जुड़े कई प्रश्न पूछे, जिनके रोचक और वैज्ञानिक उत्तरों ने सभी को रोमांचित कर दिया। इस अवसर पर जितेंद्र सारथी ने विषैले और गैर विषैले सांपों की पहचान, सर्पदंश की स्थिति में प्राथमिक उपचार और सर्पदंश से बचाव के उपायों की जानकारी दी। वहीं नोवा नेचर से जीव विज्ञानी सिद्धांत जैन ने सांपों की शरीर रचना, पारिस्थितिकी तंत्र में उनके महत्व, सर्पविष के दुष्प्रभाव और उनके उपचार के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम में छात्राओं ने सांपों के महत्व को समझा और उनके संरक्षण की आवश्यकता को महसूस किया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में प्रकृति और वन्यजीवों के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाना था ताकि समाज में सांपों जैसे महत्वपूर्ण जीवों के संरक्षण में भागीदारी सुनिश्चित हो सके। इस कार्यक्रम में कोरबा एसडीओ सूर्यकांत सोनी, ,नोवा नेचर वेलफेयर सोसाइटी से जितेंद्र सारथी, सिद्धांत जैन, भूपेंद्र जगत, अग्रसेन कॉलेज के अध्यक्ष सुनील जैन, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.मनोज कुमार झा, एनईपी नोडल अधिकारी मिस अंजना चौधरी तथा समस्त सहायक प्राध्यापकगण उपस्थित रहे।

---


**शपथ-पत्र**

मैं आरती चतुर्वेदी (ARTI CHATURVEDI) उम्र 34 वर्ष, पति गिरीश शर्मा (GIRISH SHARMA) निवासी- बी-277 प्रगति नगर दीपका तहसील दीपका जिला-कोरबा (छ.ग.) की हूँ, जो कि निम्न कथन शपथपूर्वक करती हूँ

01. यह कि, मैं उक्त पते पर निवासरत हूँ तथा मेरा आधार क्रमांक 7191 3246 2335 है।

02. यह कि, मेरे पुत्र ईशान शर्मा (ISHAAN SHARMA) के नाम पर नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा जन्म प्रमाण पत्र जारी किया गया, जिसका पंजीकरण संख्या 2018-02-003734 एवं जारी दिनांक 20/06/2018 है, जिसमें उसकी माता अर्थात मेरा नाम आरती शर्मा (ARTI SHARMA) दर्ज है।

03. यह कि, मेरे पुत्र ईशान शर्मा (ISHAAN SHARMA) की माता अर्थात मेरा वास्तविक एवं सही नाम आरती चतुर्वेदी (ARTI CHATURVEDI) है जो मेरे नाम से जारी आधारकार्ड में दर्ज है।

04. यह कि, मैं मेरे पुत्र ईशान शर्मा (ISHAAN SHARMA) के नाम पर जारी उक्त जन्म प्रमाण पत्र में उसकी माता अर्थात मेरा वास्तविक एवं सही नाम आरती चतुर्वेदी (ARTI CHATURVEDI) दर्ज कराकर पुनः जन्म प्रमाण पत्र प्राप्त करना चाहती हूँ। इस संबंध में किसी प्रकार की दावा आपत्ति होने पर जवाबदारी मेरे स्वयं की होगी।

05. यह कि, यह शपथ-पत्र मेरे द्वारा उक्ताशय के समर्थन में निष्पादित की गई है, जिसे संबंधित कार्यालय/विभाग में प्रस्तुत करना है।

शपथकर्ता
आरती चतुर्वेदी
(ARTI CHATURVEDI)

**न्यायालय सक्षम प्राधिकारी/अ.वि.अ. (रा.) कोरबा, जिला-कोरबा, (छ.ग.)**
//ईश्तहार//
रा.प्र.क्र./अ-2/2024-2025
ग्राम रजगामार प.ह.नं.-39
तहसील भैसमा जिला कोरबा छ०ग०

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती रेणुका कंवर पति श्री कमल सिंह कंवर जाति कंवर (आदिवासी) निवासी ग्राम रजगामार ढेंगुरडीह पो. कोरकोमा तह. भैसमा जिला कोरबा (छ.ग.) के द्वारा ग्राम रजगामार प.ह.नं. 39 तहसील व जिला कोरबा में स्थित भूमि ख.नं० 737/2 रकबा कुल 0.210 हे. में से 0.161 हे. भूमि को औद्योगिक प्रयोजन हेतु पुनर्निर्धारण करने नक्शा, खसरा, बी-1, ऋण पुस्तिका, बयनामा की छायाप्रति, सहित आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। अतएव उपरोक्तानुसार वर्णित भूमि का जिस किसी व्यक्ति/संस्था/समिति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा आपत्ति इस न्यायालय में प्रकरण में नियत आगामी सुनवाई तिथि 21/07/2025 तक स्वयं या अपने वैध अभिकर्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। आज दिनांक 09/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

सक्षम प्राधिकारी/अ.वि.अ. (रा.)
कोरबा, जिला-कोरबा, (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार हरदीबाजार, जिला-कोरबा (छ0ग0)**
//ईश्तहार//
राप्रकं /बी-121/2024-25
ग्राम-अमगांव 14

एतद् द्वारा सर्वसाधारण ग्राम हरदीबाजार तहसील हरदीबाजार जिला कोरबा (छ०ग०) को सूचित किया जाता है कि महाप्रबंधक एसईसीएल गेवरा क्षेत्र के पत्र क्रमांक/ एसईसीएल/मप्र/गेवरा क्षेत्र/भू राजस्व/2025/550/दिनांक 28.06.2025 द्वारा ग्राम अमगांव से विस्थापित खातेदार अनुराग सिंह पिता चरण सिंह ग्राम अमगांव की एसईसीलए में अर्जित भूमि ख.नं. 2/2, 19/1, 87/1, 87/2, 95/5, 95/6, 176/3, 352/3, 495/4, 533/1, 569/1, 569/3, 654/5 रकबा 2.637 हे./6.52 एकड के एवज में खातेदार द्वारा अपने वारिसान (1) देवेश्वरी पिता चमरा सिंह (2) विरेंद्र सिंह पिता कार्तिकराम (3) मोहपाल सिंह पिता थानसिंह को एसईसीएल में रोजगार हेतु नामांकित किया गया है जिसमें नामांकन जांच सत्यापन कर प्रतिवेदन भेजने हेतु प्राप्त हुआ है। जो इस न्यायालय में विचाराधीन है। इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अपने मान्य अभिकर्ता के साथ दिनांक 30.07.2025 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद की तिथि पर प्राप्त होने वाले दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। जारी दिनांक 10.07.25

तहसीलदार
हरदीबाजार, जिला-कोरबा, (छ.ग.)

इंडियन नर्सिंग कौंसिल एवं छ.ग. नर्सेस रजिस्ट्रेशन कौंसिल से मान्यता प्राप्त
पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त

बी.एस.सी. नर्सिंग
(04 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता :
बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण बायोलॉजी विषय एवं नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण

100% CAMPUS PLACEMENT

पोस्ट बेसिक बी.एस.सी. नर्सिंग
(02 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता : जी.एन.एम.उत्तीर्ण एवं नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण

जी.एन.एम. नर्सिंग
(03 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता :
बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण



रस्तोगी कॉलेज ऑफ नर्सिंग
मॉडल टाउन, नेहरू नगर (पूर्व) भिलाई, जिला - दुर्ग (छ.ग.)
9300558900, 9300509100

फीचर इम्पैक्ट

ॐ

# भारती विश्वविद्यालय, दुर्ग

भारती ग्रुप पिछले 28 वर्षों से विभिन्न संकायों का सफलतापूर्वक संचालन कर रहा है, हमारे संस्था से शिक्षा प्राप्त कर ज्यादातर विद्यार्थी छत्तीसगढ़ व अन्य राज्यों के साथ - साथ विदेशों में सरकारी एवं निजी संस्थानों में बड़े पद पर कार्यरत है, कई विद्यार्थी बड़े रूप में स्व रोजगार स्थापित कर लोगों को रोजगार प्रदान कर रहे है, जिससे हमारी संस्था के साथ - साथ अपने अभिभावकों का नाम गौरवान्वित कर रहे है, यही हमारी संस्था का मुख्य उद्देश्य है, जिसे निरंतर आगे बनाए रखेंगे इसी विश्वास के साथ...

विकसित छत्तीसगढ़ @2047 के लक्ष्य को पाने के लिए भारती विश्वविद्यालय, दुर्ग शिक्षा, कौशल और नवाचार के क्षेत्र में अपना महत्वपूर्ण योगदान प्रदान कर, नये-नये पाठ्यक्रम संचलित कर युवाओ को उच्च-शिक्षा प्रदान कर रहा है। विद्यार्थियों को अपने ही राज्य में रहकर कम खर्च में अध्ययन करा रहें हैं, जिससे राज्य के विद्यार्थियों को स्व-रोजगार प्राप्त करने का नव-अवसर मिल रहा है और आगे मिलता रहेगा...

## - TOP RECRUITERS -

WIPRO LTD. · ASHOK L by LAYAM GROUP · JINDAL ELECTRICAL · HCL INFOSYSTEMS LTD · TATA CONSULTANCY SERVICES · L&T CONSTRUCTION · SUZUKI MOTORS · MAHINDRA & MAHINDRA LTD. · SUZLON ENERGY LTD. · BOC INDIA LTD. · DHOOT TRANSMISSIONS · ADVIK HIGH TECH Pvt. Ltd. · HIRA POWER & STEEL · MAINTEC TECHNOLOGIES · IDBI BANK LIMITED · JUST DIAL LIMITED



श्रीमती द्रौपदी मुर्मू - राष्ट्रपति भारत द्वारा पुरस्कृत करते हुये




इंडस्ट्रीयल सेफ्टी में डिप्लोमा कर रोजगार के नए अवसर

भारती विश्वविद्यालय मे बीए, बीकाम, बीएससी डिप्लोमा एवं पीजी कोर्स सेमेस्टर प्रणाली में संचालित किये जा रहे है। विद्यार्थियों का रुझान एवं राज्य में कोर्सेस की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय शिक्षा निती 2020 के सिलेबस को जोड़कर कई नये विषयों मे स्नातक एवं पीजी सेमेस्टर प्रणाली से पढ़ाई प्रारंभ किया गया है। विद्यार्थीयों को सिलेबस के विस्तृत ज्ञान की प्राप्ति एवं प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने के उद्देश्य से इस सेमेस्टर पाठ्यक्रमों को प्रारंभ किया गया है। सेमेस्टर प्रणाली में अध्ययन से IAS, IPS, IES, IFS, IRS आदि अन्य सभी शासकीय परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करना सरल होता है।





## ADMISSION OPEN FOR THE SESSION 2025-26

### Law
- B.A. LLB
- LLM
- B.Com LLB
- LLB

### Pharmacy
- D. Pharma
- B. Pharma
- M. Pharma
- Ph. D.

### Engineering
(Full Time / Part Time)
M.Tech / B.Tech / Diploma • CSE • Civil • ET&T • Mechanical • Electrical Artificial • Intelligence & Machine Learning

### Journalism
- BAJMC
- MAJMC

### Library Science
- M.Lib • B.Lib • D. Lib

### Hotel Management
- BHM • MHM

### Education
- D.El.Ed. • B.Ed. • M.Ed.

### Film Making
- B.A. • M.A.

### Physical Education
- Bachelor of Physical Education andSports (B.P.E.S) Eligibility (10+2)
- Masters of Physical Education and Sports (M.P.E.S) Eligibility (B.P.E.S)

### Arts/Science/Commerce
- B.Sc / M.Sc (Forensic Science)
- BBA • MBA
  - Hospital Management
  - Financial Management
  - Marketing Management
  - Human Resource Management
- DCA • BCA • PGDCA
- B.A. (Hons)/M.A
  - English • Sociology • Psychology • Hindi • Sanskrit
  - Yoga • Political Science • History • Geography
  - Public Administration
- B.Com. (Hons) • M.Com. • DSW
- BSW MSW • B.Stat • M.Stat
- BRS MPH • MRS
- B.Sc (Hons) / M.Sc
  - Chemistry • Maths • Physics • Biotechnology
  - Botony • Zoology • Microbiology • Computer Science • IT • Home Science • Multimedia & Design
  - Animation & Visual Effects

### Diploma Courses (1year)
- Forensic Science • Digital Marketing
- Yoga Science • Nutrition & Dietetics
- Interior Design • Multimedia & Graphic Animation
- Fashion Design
- Cyber Crime

**Ph. D. Available in all Subject**
प्रवेश हेतु आवेदन फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 23.07.2025
website: www.bhartiunivercity.org

Afft. to Ayush University, Raipur
**BAMS** Bachelor of Ayurvedic Medicine and Surgery
**B.Sc (Nursing)**

Afft. to IGKV Raipur
**B.Tech. Agricultural**
**B.Sc. Agricultural**



**भारती विश्वविद्यालय** न केवल दुर्ग में, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ में **कानून व्यवस्था, न्यायिक प्रक्रिया और फॉरेंसिक अनुसंधान** के क्षेत्र में शिक्षा का एक मजबूत केंद्र बनकर उभरा है।

फोरेंसिक साइंस के क्षेत्र में जॉब के सबसे ज्यादा मांग हैं। बीएससी फोरेंसिक साइंस विद्यार्थीयों को देश- विदेश के फोरेंसिक शिक्षण संस्थानों में प्राध्यापक एवं फोरेंसिक एक्सपर्ट के रूप में कार्य कर रहें है। **फॉरेसिंक साइस की पढ़ाई करके स्टूडेंट्स फॉरेंसिक वैज्ञानिक, फॉरेंसिक विश्लेषक, फॉरेंसिक मनोवैज्ञानिक बनकर अपना कैरियर संवार सकते है।** सरकारी विभागों जैसे गृह विभाग, पुलिस, इंटेलिजेंस और क्राइम इन्वेस्टिगेशन से संबंधित अन्य एजेंसियों में फोरेंसिक साइंस का विशेष महत्व है। डिजिटल फॉरेंसिक, साइकोलॉजी, क्रिमिनोलॉजी और साइबर सिक्योरिटी जैसे समकालीन विषयों में स्नातक, स्नातकोत्तर एवं अल्पकालिक पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं, जो विद्यार्थियों को एक सशक्त कैरियर और रोजगार के अवसर प्रदान करते हैं।

· अत्याधुनिक प्रयोगशालाएँ· अनुभवी फैकल्टी एवं फील्ड एक्सपर्ट्स · इंटर्नशिप व लाइव प्रोजेक्ट्स के अवसर · सरकारी और निजी क्षेत्रों में प्लेसमेंट की सुविधा

देश का आपराधिक न्याय तंत्र आज **एविडेंस-बेस्ड प्रणाली** की ओर अग्रसर है। हाल ही में लागू हुये तीन नये आपराधिक कानूनों के तहत **सात साल से अधिक सज़ा वाले अपराधों में फॉरेंसिक जांच अनिवार्य** कर दी गई है। इससे फॉरेंसिक साइंस के क्षेत्र में प्रशिक्षित युवाओं की मांग और अवसरों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

**भारती विश्वविद्यालय, दुर्ग** इस क्षेत्र में विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और व्यावहारिक अनुभव प्रदान कर उन्हें एक उज्जवल भविष्य की ओर अग्रसर कर रहा है।

**फॉरेंसिक से जुड़े अपने सपनों को दीजिए एक नई उड़ान।**

**समाज में एक मजबुत व्यवस्था का निर्माण, जिससे न्याय और शांति की नीव रखी जाएगी**

**लॉ (कानून)** - लॉ एजुकेशन में विद्यार्थियों का रुझान एवं राज्य में इस शिक्षा की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए लॉ संकाय में बीए एलएलबी, बीकॉम एलएलबी, एलएलबी एवं एलएलएम पाठ्यक्रमों में प्रवेश की प्रक्रिया चल रही है। इसके लिये इंटीग्रेटेड लॉ 5 वर्षीय पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु शैक्षणिक योग्यता 12वीं उत्तीर्ण, एलएलबी में प्रवेश के लिए किसी भी संकाय में स्नातक एवं एलएलएम में प्रवेश के लिए एलएलबी उत्तीर्ण होना आवश्यक है। लॉ की पढ़ाई के बाद अपने कैरियर बनाने के कई विकल्प मौजूद हैं वकालत, न्यायाधीश, कानूनी सलाहकार बनने के साथ ही कॉर्पोरेट सेक्टर से संबंधित बैंकों, वित्तीय सेवा विभाग, वित्त और लेखा विभाग, पर्यटन उद्योग, मानव संसाधन विभाग, इंवेस्टमेंट बैंकिंग जैसे सेक्टर में अपार संभावनाएं हैं।

## ज्ञान, कौशल और सफलता की कुंजी इंजीनियरिंग

**हमारे छत्तीसगढ राज्य में भारत की पहली सेमीकंडक्टर चिप निर्माण कंपनी पॉलीमेटेक इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड एवं बड़ी बड़ी कम्पनियो के निवेश से तकनीकी क्षेत्र मे अध्ययन कर रहे विद्यार्थियो को राज्य में ही रोजगार के नया अवसर प्राप्त होगा।**

एआईसीटीई से बीटेक एवं पॉलीटेक्निक पार्टटाइम कोर्स में प्रवेश की अनुमति प्राप्त की है। इस पार्टटाइम कोर्स के प्रारंभ होने से छत्तीसगढ़ में कार्यरत शासकीय एवं निजी क्षेत्रो पर कार्यरत प्रशिक्षार्थियों के लिये बहुत लाभकारी होगा। पॉलीटेक्रीक उत्तीर्ण प्रशिक्षु इंजीनियरिंग में इलेक्ट्रीकल, सिविल, मेनिकल, कम्प्यूटर ब्रांच में प्रवेश प्राप्त कर सकते है। आईटीआई उत्तीर्ण प्रशिक्षु डिप्लोमा पॉलीटेक्नीक में इलेक्ट्रीकल, सिविल, मेनिकल, कम्प्यूटर में प्रवेश प्राप्त कर सकते है। इस प्रकार प्रशिक्षु अपने कार्यरत विभाग में पदोन्नति का अवसर प्राप्त कर निरंतर विकास की ओर अग्रसर हो सकते है।

**फूड एंड न्यूट्रीशन कोर्स कर सफल टाईटिशियन बनें**

दो वर्षीय एवं डिप्लोमा न्यूट्रिशन एक वर्षीय एंड डाइटेटिक्स कोर्स सुचारु रुप से संचालित है इस विषय में प्रवेश हेतु आवश्यक शैक्षणिक योग्यता 12वीं बायोलॉजी जीव विज्ञान, गणित विषय के साथ उत्तीर्ण होना अनिवार्य है एवं एमएससी के लिए बीएससी होम साइंस बीएससी फूड एंड न्यूट्रिशन इत्यादि उत्तीर्ण होना आवश्यक है। जिसके अंतर्गत लिक्विड एवं सॉफ्ट डाइट, थरेपिटिक डाइट पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस विषय के माध्यम से विद्यार्थी अपना भविष्य सरकारी एवं गैर सरकारी क्षेत्र में फूड इंस्पेक्टर, हेल्थ साइंस, डाइटिशियन, न्यूट्रीशनिस्ट, फूड रिसर्चर इत्यादि में बना सकते हैं।



62322-21101 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 | 07

SCAN ME

www.bhartiuniversity.org  bhartiuniversity.in@gmail.com

## खबर संक्षेप

### आईटीआई पोंड़ीउपरोड़ा, चोरभटठी और रामपुर में प्रवेश हेतु आवेदन 23 तक

**कोरबा।** आईटीआई पोंड़ीउपरोड़ा, चोरभट्ठी और रामपुर में विभिन्न व्यवसाय में प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थी 23 जुलाई तक आनलाईन आवेदन कर सकते हैं। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था पोंड़ीउपरोड़ा अन्तर्गत व्यवसाय कोपा, आईओटी टेक्नीशियन (स्मार्ट एग्रीकल्चर) एवं आईओटी टेक्नीशियन (स्मार्ट हेल्थकेयर), आईटीआई चोरभट्ठी अन्तर्गत व्यवसाय कोपा एवं फिटर और आईटीआई रामपुर अन्तर्गत विद्युतकार, कोपा, फिटर, टर्नर, मशीनिष्ट, ड्राफ्ट्मेन मैकेनिकल, मैकेनिक मोटर व्हीकल, वायरमेंन, वेल्डर, डीजल मैकेनिक, स्टेनो हिन्दी, स्टेनों अंग्रेजी, ड्राइवर कम मैकेनिक में प्रवेश हेतु इच्छुक अभ्यर्थी 23 जुलाई तक आनलाईन आवेदन कर सकते हैं। विस्तृत जानकारी विभागीय वेबसाईट सीजीआईटीआई डाट एडमिशन्स डाट एनआईसी डाट आईएन पर उपलब्ध है।

### राज्य स्तरीय रोजगार मेला आयोजन हेतु अपील

**कोरबा।** राज्य स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन जिला रायपुर में माह अगस्त में प्रस्तावित है। जिला रोजगार अधिकारी द्वारा ऐसे नियोजक जो अपनी रिक्तियां रोजगार मेला के माध्यम से पूर्ति करना चाहते हैं, उन्हें रिक्तियों की जानकारी 31 जुलाई तक रोजगार कार्यालय के ई-मेल पर उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया है। ताकि रिक्तियों की जानकारी जिला रायपुर में उपलब्ध कराया जा सके और रोजगार मेला में नियोजकों को शामिल किया जा सके।

### प्लेसमेन्ट केंप का आयोजन 23 जुलाई को

**कोरबा।** प्लेसमेन्ट केंप का आयोजन जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र में 23 जुलाई को किया जा रहा है। प्लेसमेन्ट कैम्प के माध्यम से एनआईआईटी लिमिटेड भिलाई, सेंट जोसेफ फायर एण्ड सेफ्टी एकेडमी, सत्या ऑटो प्रा0लि0 और शिवशक्ति एग्रीटेक लिमि0 बिलासपुर नियोजको द्वारा भाग लिया जायेगा। अधिक जानकारी के लिए रोजगार कार्यालय के टेलीग्राम ग्रुप से जुड़ सकते हैं। इच्छुक आवेदक/आवेदिकाएं उक्त तिथि को सुबह 11 बजे से 3 बजे तक उपस्थित होकर अपने योग्यतानुसार रोजगार के अवसर प्राप्त कर सकते हैं।

### व्यापम परीक्षाओं में पारदर्शिता के लिए दिशा-निर्देश जारी

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा आगामी आयोजित होने वाले परीक्षाओं के निष्पक्ष, पारदर्शितापूर्ण एवं सफलतापूर्वक आयोजन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किया गया है। कलेक्टर ने छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर (व्यापम) द्वारा आयोजित परीक्षाओं में सभी दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। व्यापम द्वारा आयोजित आगामी सभी परीक्षाओं में परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र में परीक्षा शुरू होने के कम से कम दो घण्टे पहले परीक्षा केन्द्र में पहुंचने के निर्देश दिए गए है। ताकि प्रवेश के पूर्व सभी अभ्यर्थियों का अनिवार्य रूप से हैण्डहेल्ड मेटल डिटेक्टर तथा मैन्युअल पैड डाउन फ्रिस्किंग समय पर किया जा सके। इसके लिए प्रत्येक परीक्षा केन्द्रों में 1-1 महिला एवं पुरुष पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई जाएगी। जारी किए गए दिशा-निर्देशों के आधार पर महिला अभ्यर्थियों की फ्रिस्किंग महिला पुलिस कर्मी द्वारा और पुरूष पुलिस कर्मी द्वारा पुरूष अभ्यर्थियों का हैण्डहेल्ड मेटल डिटेक्टर से तलाशी ली जाएगी। परीक्षा केन्द्र का मुख्य द्वार परीक्षा शुरू होने के 15 मिनट पहले बंद कर दिया जाएगा। इसके लिए परीक्षार्थी समय का विशेष ध्यान रखेंगे।परीक्षा में शामिल होने परीक्षार्थियों को हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े तथा फुटवियर के रूप में चप्पल पहनना अनिवार्य होगा। कान में किसी भी प्रकार का आभूषण व परीक्षा कक्ष में किसी भी प्रकार का संचार उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक घड़ी, पर्स, पाउच, स्कार्फ, बेल्ट, टोपी आदि ले जाना पूर्णतः वर्जित है।

### आरोपी सफाई कर्मी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

# होटल के कमरे में ट्रेनी महिला चिकित्सक से दुष्कर्म का प्रयास

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सक्ती से जिला मेडिकल कॉलेज में प्रशिक्षण ले रही महिला चिकित्सक के साथ दुष्कर्म के प्रयास का मामला सामने आया है। होटल में महिला चिकित्सक के रुम में खिड़की से भीतर दाखिल होकर एक सफाई कर्मी ने दुष्कर्म करने की कोशिश की। जिसका महिला चिकित्सक ने विरोध किया और महिला चिकित्सक की चीख पुकार सुनकर आरोपी सफाई कर्मी मौके से फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी सफाई कर्मी को गिरफ्तार कर लिया है।

सिविल लाइन रामपुर क्षेत्र अंतर्गत होटल टॉप इन टाउन के कमरा नंबर 122 में गुरुवार की रात यह घटना घटित हुई। जहां सक्ती जिले से आयी एक महिला डॉक्टर ठहरी हुई थीं। देर रात लगभग 2 बजे 35 वर्षीय राजा करिहार नामक होटल का सफाई कर्मी खिड़की के रास्ते डॉक्टर के कमरे में घुस आया। उसने महिला डॉक्टर के साथ अनाचार का प्रयास किया। जब महिला डॉक्टर ने इसका विरोध किया तो आरोपी ने उसे डराने धमकाने लगा। बावजूद इसके महिला चिकित्सक डरने के बजाए बहादुरी से उसका सामने करने लगी। महिला चिकित्सक लगातार विरोध करती रही और चीख-पुकार करने लगीं। उनकी इस हिम्मत और चीखने की आवाज सुनकर आरोपी राजा करिहार डर गया और मौके से भाग खड़ा हुआ। बहरहाल पुलिस अधीक्षक कार्यालय के ठीक सामने स्थित होटल में हुई इस घटना ने सनसनी फैला दी है। सक्ती जिले से कुल चार डॉक्टर ट्रेनिंग के लिए कोरबा आए थे, जिनमें से दो वापस लौट चुके हैं। शेष दो डॉक्टर, जिनमें पीड़ित महिला डॉक्टर भी शामिल हैं, होटल टॉप इन टाउन के अलग-अलग कमरों में रुके हुए थे। जिन पर सफाई कर्मी राजा नजर रखा हुआ था। होटल में लगे सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपी राजा करिहार की पहचान की गई। महिला चिकित्सक के शिकायत पर होटल प्रबंधन ने सीसीटीवी फुटेज खंगाला तब मामले का खुलासा हुआ। पुलिस ने राजा करिहार को हिरासत में लेकर न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल कर दिया है।


लाल घेरे में उक्त खिड़की जहां से आरोपी दाखिल हुआ था रुम में।

#### की जा रही कार्रवाई

होटल में रुकी महिला चिकित्सक के साथ गुरुवार की रात लगभग ढाई बजे दुष्कर्म के प्रयास की सूचना प्राप्त हुई है। पुलिस ने तत्काल आरोपी सफाई कर्मी को गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले में नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जा रही है।

-सिद्धार्थ तिवारी, पुलिस अधीक्षक

#### 10 जुलाई से महिला चिकित्सक रुकी है होटल में

होटल के मैनेजर ने बताया कि महिला चिकित्सक रुम नंबर 122 में 10 जुलाई से ट्रेनिंग के लिए रुकी हुई है। गुरुवार की अलसुबह 4 बजे हमारे पास महिला चिकित्सक का फोन आया कि मेरे रुम में खिड़की से कोई आया था। सूचना मिलने के बाद लगभग 5.30 से 6 बजे के बीच हम लोग मौके पर पहुंचे और खोजबीन शुरु की। काफी प्रयास के बाद भी कुछ नहीं मिला तो हमनें सीसीटीवी चेक किया। इस दौरान रात 2.51 बजे कोई स्टाफ का हल चल दिखा राजा खड़िया इधर से उधर जाते दिखा। महिला चिकित्सक ने बताया कि वह खिड़की से आया और डरा रहा था। उस वक्त वह नशे में था। पूछताछ के दौरान सफाई कर्मी राजा खड़िया ने खिड़की से रुम के भीतर दाखिल होना स्वीकार कर लिया इसके बाद तत्काल पुलिस को इसकी सूचना दी गई।

#### पहले भी हो चुकी है घटनाएं

ज्ञात हो कि होटल टॉप इन टाउन होटल में पहले भी एक युवक द्वारा युवती को ले जाकर कई बार दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया और लगातार ब्लैकमेल करता रहा जिसकी शिकायत युवती ने पुलिस में की थी। युवती ने बताया कि उसका आधार कार्ड भी होटल बुक करने के दौरान हर बार दिया जाता था लेकिन जब होटल रजिस्टर को चेक किया गया तो युवती का नाम वहां से गायब था।

## महिला पर प्राणघातक हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवागढ़

जमीन विवाद को लेकर महिला पर प्राण घातक हमला करने वाला आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। घटना नवागढ़ थाना अंतर्गत ग्राम भैंसदा का है।

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार भैंसदा निवासी प्रार्थी दोहर दास निवासी भैंसदा थाना नवागढ़ के द्वारा थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज किराया की 16 जुलाई को यह अपने ससुराल डूडगा से जांजगीर गया था । इसी दौरान 16 जुलाई की रात्रि 11 बजे इसका बड़ा भाई गिरधरलाल सूर्यवंशी फोन कर बताया कि गांव का हीरेंद्र तरुण घर अंदर घुस कर तेरी भाभी को फरसे से मार दिया है । खबर सुनते ही अपने दोस्त नागेंद्र के साथ पहुंचा घर से खून से लतपथ हालात में इसकी भाभी को ईलाज कराने के लिए लेकर जा रहे थे। इसी दौरान 16 जुलाई की रात्रि करीबन 9-10 बजे के बीच गांव का हीरेंद्र घर आकर दरवाजा खट खटाने लगा दरवाजा खोलने पर हिरेंद्र अपने हाथ में लोहे के फरसा रखा हुआ था और बोल रहा था कि 33 डिसमिल जमीन नहीं बेचे हो किसी और को बेच दिए हो और जान से मारने की धमकी देने लगा। इसी दौरान भाभी बीच में आई तो हिरेंद्र ने अपने हाथ में रखे फरसे से मार दिया। जिससे सिर पर चोट आई और खून निकल रहा है। शाम को भी आरोपी के द्वारा जमीन को मुझे दो नहीं तो में तुम लोगों को जान से मारदूंगा बोलकर धमकी देकर गया था। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना नवागढ़ में धारा 109(1) बीएनएस कायम किया गया। घटना कारीत करना जुर्म स्वीकार किए से घटना में प्रयुक्त एक लोहे का फरसा को बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक अशोक वैष्णव थाना प्रभारी नवागढ़ सहित स्टाफ का योगदान रहा।


पुलिस अभिरक्षा में आरोपी।

### समय पर शाला नहीं पहुंचने वाले प्रधान पाठक को कारण बताओ नोटिस

**बिर्रा।** समय पर स्कूल नहीं पहुंचने वाले प्रधान पाठक को बीईओ ने नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा है। मामला प्राथमिक शाला करही का है। शिक्षा विभाग के नया समय सारणी के अनुसार प्रत्येक स्कूलों में शिक्षकों को 9:45 बजे स्कूल पहुंचना है और स्कूल में उपस्थित बच्चों को प्रार्थना कराना है। इसके बाद 10 बजे से पढ़ाई का शुभारंभ करना है। लेकिन शासकीय प्राथमिक शाला करही में यहां के प्रधान पाठक रमेश कुमार शुक्ला 10:30 बजे स्कूल पहुंच रहा है। शासकीय प्राथमिक शाला करही में कुल दो स्टाफ पदस्थ है, लेकिन 16 जुलाई बुधवार को सुबह 10 बजे स्कूल का जायजा लेने पहुंचे तो यहां पर एक शिक्षिका और सफाई कर्मचारी के अलावा स्कूल में 30 बच्चे उपस्थित मिले।

## मंडी अधिकारियों की लापरवाही किसानों को पड़ रही भारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

विद्युत विभाग द्वारा ग्राम खरमोरा में 132 केवी का विद्युत सब स्टेशन का निर्माण कराया गया है, जिससे लगा हुआ ही कृषि उपज मंडी का एक बड़ा भूभाग हैं, जिसमें बड़ी मात्रा में राखड़ पाटा गया था। जिसका खामियाजा सब स्टेशन में कार्यरत कर्मचारियों को भुगतना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार जिले के ग्राम भालूसटका के पास मौजूद विद्युत सब स्टेशन के समीप लगातार बारिश के कारण कृषि उपज मंडी का राख सब स्टेशन के प्रांगण से होते हुए पास के खेतों तक पहुंच गया, जिससे सब स्टेशन और पास के खेत राखमय हो गए हैं। गत वर्ष कृषि उपज मंडी की बाउंड्री वॉल बारिश की वजह से टूट गई थी। जिससे राख का एक बड़ा सैलाब सब स्टेशन के एरिया में फैल गया था। जिससे किसानों की फसल खराब हो गई थी, इस मामले को पर्यावरण विभाग ने काफी गंभीरता से लिया और विभाग ने कृषि उपज मंडी के सचिव को राख का उठाव जल्द से जल्द करने हेतु नोटिस जारी किया था। लेकिन कृषि उपज मंडी के अधिकारियों की लापरवाही के कारण इस वर्ष भी हालात वैसे ही बने हुए हैं। जिले में हो रही लगातार बारिश की वजह से कृषि उपज मंडी में जमीन समतल करने के लिए डाली गई राख पानी के साथ सब स्टेशन एवं आसपास के खेतों में पहुंच रही है।



## नाबालिग को झांसा देकर अनाचार आरोपी हरियाणा से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवागढ़

नाबालिक बालिका के साथ अनाचार करने वाला आरोपी को हरियाणा से पकड़ने में पुलिस को सफलता मिली है। आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। मामला नवागढ थाना क्षेत्र का है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार नाबालिक बालिका को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसलाकर भगा ले गया था जिसकी सूचना रिपोर्ट पर 18 जून को थाना नवागढ़ में धारा 137 (2) पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। नाबालिक बालिका पर घटित अपराध को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप एवं उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय जांजगीर विजय कुमार पैकरा के मार्गदर्शन में तथा थाना प्रभारी नवागढ़ निरीक्षक अशोक वैष्णव के नेतृत्व में सायबर तकनीकी के आधार पर आरोपी और अपहृता पतासाजी हेतु टीम गुरुग्राम हरियाणा भेजा गया जहां से अपहृता को आरोपी सुमित मनोहर के कब्जे से बरामद कर किया गया। आरोपी सुमित मनोहर को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर बताया को नाबालिक बालिका को शादी करने का झांसा देकर बहला फुसला कर भगा ले जाकर अनाचार करना जुर्म स्वीकार किए जाने से विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

# मत्स्य आखेट रोकने के लिए लेना पड़ रहा पुलिस का सहारा


कार्यवाही करती पुलिस व मत्स्य विभाग की टीम।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मत्स्य विभाग के द्वारा प्रतिबंधित अवधी में ग्रामीण क्षेत्रों के जलाशय में हो रहे मत्स्य आखेट रोकने के लिए विभाग को पुलिस का सहारा लेना पड़ रहा है। तब कहीं जाकर मछली का शिकार करने वालों पर कार्यवाही हो पा रही है। बांगो एतमानगर क्षेत्र में बड़ी संख्या में समूह बनाकर ग्रामीणों के द्वारा अलग अलग स्थानों में जाल फेंककर मछली का शिकार किया जा रहा है। बीते एक सप्ताह से विभाग इन क्षेत्रों में कार्यवाही कर रहा है। पूर्व में विभागीय टीम के पहुंचने के बाद भी मछली के शिकार पर रोक नहीं लग पा रही थी। जिसके लिए विभाग को पुलिस का सहारा लेना पड़ा तब जाकर विभाग कार्यवाही कर सका।

15 जून से 15 अगस्त तक मत्स्य आखेट पर प्रतिबंध लगाए जाने के बाद भी ग्रामीण क्षेत्र के बड़े जलाशयों में बेधड़क मत्स्य आखेट किया जा रहा है। जिसे गंभीरता से लेते हुए इस वर्ष जुलाई के प्रथम सप्ताह से ही जलाशय वाले क्षेत्रों का लगातार निरीक्षण कर कार्यवाही की जा रही है। शुरुआत में विभागीय स्तर पर गठित टीम के द्वारा जब क्षेत्रों का निरीक्षण किया गया तो वहां मछली का शिकार करते मिले ग्रामीणों पर विभागीय टीम का प्रभाव नहीं पड़ा। समझाइश देने के बावजूद इन क्षेत्रों में मत्स्य आखेट लगातार जारी रहा। इसके बाद विभाग को कड़ी कार्यवाही के लिए पुलिस का सहारा लेना पड़ा। बीते बुधवार व गुरुवार को लगातार दो दिन बांगो पुलिस को लेकर मत्स्य विभाग की टीम जब बांगो जलाशय और एतमानगर क्षेत्र का निरीक्षण किया तो वहां ग्रामीण मछली मारते हुए दिखे। इससे जाहिर हो गया कि ग्रामीणों में कार्यवाही का असर नहीं दिख रहा है। तब पुलिस कर्मियों ने मत्स्य आखेट करते हुए मिले लोगों को धरदबोचा कुछ पुलिस को देखते ही जाल छोड़कर भाग निकले जो पकड़ में आये उनके खिलाफ कार्यवाही की गई और जाल आदि सामग्री की जब्ती की गई। जिन क्षेत्रों में कार्यवाही को अंजाम दिया उसमें हसदेव बांगो जलाशय, एतमानगर तथा सरभोका जलाशय शामिल हैं। जहां सामान जब्ती की कार्यवाही की गई है।

#### खास बात

- विभागीय टीम देर शाम तक कर रही है जलाशय क्षेत्रों में कार्यवाही

#### देर शाम तक हुई कार्यवाही

एतमानगर, बांगो व सरभोंका जलाशय में लगातार मत्स्य आखेट की सूचना मिल रही थी। इस पर बीते तीन दिन से विभाग के द्वारा पुलिस के सहयोग से कार्यवाही की जा रही है। इसमें सामान जब्त किये हैं, ग्रामीणों को समझाइश दी गई है। यह कार्यवाही और अन्य बड़े जलाशय क्षेत्रों में भी लगातार जारी रहेगी। विभाग 15 अगस्त तक इसी तरह की कार्यवाही करते रहेगा।

- केके बघेल
सहायक संचालक मत्स्य विभाग

### सांत्वना फाउंडेशन सोसाइटी ने आयोजित किया रक्तदान शिविर



**कोरबा।** संत्वना फाउंडेशन सोसाइटी द्वारा एचडीएफसी एर्गो जनरल इंश्योरेंस कंपनी के ब्रांच ऑफिस में एक दिवसीय विशाल रक्तदान एवं ओपीडी स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस पुनीत कार्य में बोर्नियो हॉस्पिटल, रायपुर और आरसी ब्लड बैंक, राजेंद्र नगर की टीम ने सहयोग प्रदान किया। शिविर में प्रमुख रूप से कैंसर और थैलेसीमिया से पीड़ित मरीजों के लिए रक्त एकत्र करने का लक्ष्य रखा गया था। संत्वना फाउंडेशन के अध्यक्ष सुनील वर्गीस और फाउंडेशन के सदस्यों ने भी इस अवसर पर रक्तदान किया। ओपीडी सेवाओं में प्रख्यात चिकित्सकों ने अपनी निःशुल्क सेवाएं प्रदान की। शिविर में डॉ. अनामिका गुप्ता एमबीबीएस, एमडी, डॉ. नूपुर खंडेलवाल एमबीबीएस, डीएनबी और डॉ. याशी पिंजानी बीडीएस शामिल रहे।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

### गुमटी, ठेला लगाने वाले व्यवसायियों को दी गई हिदायत

# निगम आयुक्त ने कोसाबाड़ी से जिला अस्पताल मुख्य मार्ग का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

निगम आयुक्त सायकल में सवार होकर कोसाबाडी चौक से जिला अस्पताल तक के मुख्य मार्गों में निगम की एक्शन टीम के साथ दुकानों के सामने सड़क व फुटपाथ पर किये गये अवैध कब्जों, अतिक्रमणों आदि पर सघन रूप से कार्यवाही की। आयुक्त ने आमजनों से आग्रह करते हुए कहा कि शहर को स्वच्छ, सुंदर व व्यवस्थित बनाने में सभी का सहयोग अपेक्षित है। सड़क, फुटपाथ पर अवैध कब्जा न करें, गंदगी न फैलायें एवं अपने शहर को स्वच्छ एवं सुंदर शहर बनाने में सहयोग प्रदान करें।


सफाई कर्मी से जानकारी लेते निगम आयुक्त श्री पाण्डेय।

निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने कोसाबाड़ी चौक, इंदिरा गांधी जिला चिकित्सालय के मुख्य मार्ग पर गुमटी, ठेला लगाने वाले व्यवसायियों को हिदायत दी और कहा कि दुकानों, ठेला, गुमटी के सामने पाउच, पन्नी प्लास्टिक, इकट्ठा न करें। दुकानदार अपनी दुकान के सामने डस्टबिन रखें तथा ग्राहकों से कचरे को डस्टबिन में डालने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि उनके द्वारा ऐसा नहीं किया जाता है तो उनके खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी, जिसकी जवाबदारी दुकानदार की होगी। भ्रमण के दौरान चाय नाश्ता होटल संचालक को कोयले की अंगीठी जलाए हुए उन्होंने देखा, जिससे काफी मात्रा में जहरीला धुंआ सड़क व उसके आसपास फैल रहा था, जिससे लोगों को आने-जाने में काफी परेशानी हो रही थी। उन्होंने तत्काल अंगीठी को बुझवाकर कच्चे कोयले की जप्ती कराते हुए दुकानदार को कहा कि वे दोबारा इस प्रकार का कृत्य न करें, अन्यथा उस पर जुर्माने की कार्यवाही की जाएगी। आयुक्त श्री पाण्डेय ने एनकेएच हॉस्पिटल मार्ग में पानी के जमाव को देखकर साथ में चल रहे अधिकारियों को निर्देश दिया कि रोड में पानी का जमाव न हों इसके लिये बरसाती पानी की सुगम निकासी सुनिश्चित करने के लिये तत्काल आवश्यक कार्यवाही करें।

#### बस्तीवासियों से भेंट कर जानी उनकी समस्याएं

पोड़ीबहार बस्ती में भ्रमण के दौरान आयुक्त ने रहवासियों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को जाना तथा पानी, बिजली, साफ-सफाई जैसी मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं की जानकारी लेते हुए आयुक्त ने तत्काल उसके निराकरण के निर्देश अधिकारियों को दिये गये। उन्होंने पोड़ीबहार चौक स्थित तिराहे के समीप व्यवसायिक काम्पलेक्स के पास रिक्त स्थान पर पड़े कचरे के ढेर को देखकर दुकान संचालकों से कहा कि दुकानों से निकले हुए उत्सर्जित अपशिष्ट को इधर-उधर न फेकें। कचरे को एकत्रित करके वे डस्टबिन में पृथक-पृथक रखें तथा डोर-टू-डोर अपशिष्ट लेने आने वाली स्वच्छता दीदियों के रिक्शे में ही कचरे को पृथक-पृथक डालें।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
7 दिन
स्लीपर मात्र 12,500/-
गोवा-बाम्बे
महालक्मी टेम्पल, हाजीअली, सिद्धिविनायक, गेटवे ऑफ इंडिया, होटल ताज, जुहू चौपाटी, नॉर्थ साउथ गोवा - कोलवा बीच, सेंत जोवेलियर्स चर्च, अंजुमन बीच, डोलपन बीच, कलांगुटे बीच
14 अगस्त, 6 सितंबर, 6 अक्टूबर, 10 नवंबर, 20 दिसंबर
राशिः-स्लीपर -12,500/-, 3 एसी- 22,500/-, (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411